**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–06.11.2024 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **एनडीए और इंडिया गठबंधन के नेताओं ने अपने–अपने उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव प्रचार किये तेज।**

2. **भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड विधानसभा चुनाव में अधिकृत उम्मीदवारों के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड रहे तीस नेताओं को पार्टी से किया निष्कासित, झामुमो ने भी सात सदस्यों को निकाला।**

3. **विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद से अब तक जांच अभियान के दौरान एक अरब 51 करोड़ रुपये से ज्यादा की अवैध सामग्री और नकद जब्त।**

**और**

4. **प्रसिद्ध लोक गायिका शारदा सिन्हा का नई दिल्ली में निधन, कल होगा अंतिम संस्कार। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने शोक व्यक्त किया।**

**********************

पहले चरण में 13 नवंबर को होने वाले मतदान को लेकर एनडीए और इंडिया गठबंधन नेताओं ने अपने–अपने उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव प्रचार तेज कर दिये हैं। इसके साथ ही दोनों गठबंधनों के नेताओं के बीच आरोप–प्रत्यारोप का दौर भी तेज हो गया है।

**********************

भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी सह केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर एक बार फिर वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। श्री चौहान ने आरोप लगाया कि पिछले पांच वर्षों तक इस सरकार ने राज्य की जनता को ठगने का काम किया है।

**********************

इधर, झामुमो के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा पर पलटवार किया है। श्री सोरेन ने भाजपा पर आदिवासी और दलित विरोधी होने का आरोप लगाया।

**********************

दूसरी ओर, कांग्रेस के प्रदेश चुनाव प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने एनडीए नेताओं पर समाज को जाति और धर्म के आधार पर बांटने का आरोप लगाया है। उन्होंने इंडिया गठबंधन के सात सूत्री घोषणा पत्र को भाजपा के घोषणा पत्र से ज्यादा प्रभावी बताया है। उन्होंने कहा है कि झारखंड में सरकार बनते ही एक–एक कर सभी वादे पूरे किये जायेंगे।

**********************

इस बीच, भारतीय जनता पार्टी ने इंडिया गठबंधन के घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा करार दिया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा है कि हेमंत सरकार को पहले पिछले चुनाव में किये गये वादे पूरे करने चाहिए।

**साउंड बाइट– प्रतुल नाथ शाहदेव– 20 सेकेण्ड**

**********************

इधर, झामुमो के वरिष्ठ नेता मनोज पांडेय ने दावा किया है कि इंडिया गठबंधन अपने घोषणा पत्र में किये सभी वादों को धरातल पर उतारेगा।

**********************

भाजपा की वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए एनडीए द्वारा जारी संकल्प पत्र की सराहना की है। कोडरमा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि यह संकल्प पत्र झारखंड के समावेशी विकास की रूपरेखा तय करेगा।

*********************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक बार फिर 10 नवंबर को चुनावी दौरे पर झारखंड आयेंगे। वे बोकारो जिले के चंदनक्यारी विधानसभा क्षेत्र के चंडीपुर फुटबॉल मैदान में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। चंदनक्यारी से भाजपा प्रत्याशी और नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने बताया कि पहली बार किसी प्रधानमंत्री का चंदनक्यारी दौरा हो रहा है।

उधर नौ नवंबर को जमशेदपुर में पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह रोड शो कर एनडीए प्रत्याशियों के लिए लोगों से समर्थन मांगेगे।

*********************

भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड विधानसभा चुनाव में अधिकृत उम्मीदवारों के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड रहे तीस नेताओं को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी ने कहा कि भाजपा नेताओं को नामांकन पत्र दाखिल करने और पार्टी के अधिकृत उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव लडने के कारण छह वर्ष के लिए निष्कासित किया गया है।

*********************

इधर, झामुमो ने भी पांच जिलों के कुल सात सदस्यों को छह साल तक के लिए पार्टी से निष्कासित किया है। जिन सदस्यों को निष्कासित किया गया है वे धनबाद, खूंटी, सिमडेगा, रांची और पलामू के हैं।

*********************

मुख्य चुनाव अधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद से राज्य के विभिन्न हिस्सों से तलाशी अभियान में एक अरब 51 करोड़ रुपये से ज्यादा की अवैध सामग्री और नगदी जब्त की गयी है। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर अब तक 31 प्राथमिकी दर्ज की गयी हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि पहले चरण के मतदान के लिए मतदाता पर्चियां इस महीने की आठ तारीख तक वितरित की जाएंगी।

*********************

गिरिडीह जिले में मतदाता जागरुकता के लिए अनोखी पहल की जा रही है। छठ घाटों पर भी लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने की योजना तैयार की गयी है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवादादाता।

*********************

सूर्य उपासना का महापर्व छठ राज्य भर में भक्ति भावना के साथ मनाया जा रहा है। छठ महापर्व को देखते हुए राज्य में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। छठव्रतियों की सुविधा के लिए ट्रैफिक व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है। पर्व के दूसरे दिन आज शाम खरना का अनुष्ठान संपन्न होगा।

*********************

जानी–मानी लोकगायिका शारदा सिन्हा का कल रात नई दिल्ली में निधन हो गया। वे 72 वर्ष की थीं। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में अंतिम सांस ली। भोजपुरी और मैथिली लोकगीतों के लिए प्रसिद्ध शारदा सिन्हा को पद्म श्री, पद्म भूषण और संगीत नाटक अकादमी पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था। राष्ट्रपति, उप–राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने डॉ. शारदा सिन्हा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

*********समाप्त**********